आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## जाली नोट के साथ गिरफ्तार युवक को जेल भेजा



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के नावाडीह नं.1 साप्ताहिक बाजार में जाली नोट के साथ एक युवक को खरीदारी करते हुए सब्जी बिक्रेता ने ग्रामीणों के सहयोग से धर दबोचा था। युवक के पास से छह जाली पचास के नोट बरामद किया गया था। उक्त मामले में मरकच्चो थाना कांड संख्या 109/23 दर्ज करते हुए प्राथमिक अभियुक्त सूरज कुमार राणा (उम्र 21 वर्ष पिता स्व. मोहित राणा, साकिन चुमलो, थाना जमुआ जिला गिरिडीह) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि उक्त मामले को लेकर गहन छानबीन की जा रही है।

# 'सरकार आपके द्वार' शिविर में सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभान्वित

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी गयी लोगों को जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के पंचायत बेहरी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी मुन्ना सिंह, सीओ शशि भूषण सिंह, उपप्रमुख रविकांत सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता, पंचायत का मुखिया पवन यादव, पूर्व उप प्रमुख बृजेश भूषण सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारेमें विस्तृत जानकारी दी गयी। शिविर में लगे सभी स्टॉल जैसे आपूर्ति, कल्याण, पशुपालन, मनरेगा, कृषि, राजख, जेएसएलपीएस, पेयजल, विद्युत विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ओपीडी में 110 और मलेरिया में 90 पेशेंट जांच करवाई सभी पेशेंट को मुक्ति दवा भी वितरण किया गया आदि के स्टॉल लगाये गये थे।

समाज सेवी मुन्ना सिंह ने कहा शिविर में जितना भी आते हैं आवेदन सभी को ऑनलाइन रिसीविंग ग्रामीण को दे और पंचायत के मुखिया और प्रमुख को भी इसका रिसीविंग दे रिसीविंग नहीं रहने के कारण पता नहीं चल पाता है कितना आवेदन का निष्पादन हुआ और कितना बाकी है।

मौके पर उपस्थित 20सूत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता, सिंदूर पंचायत का मुखिया सरोज देवी, गुरहेत पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा, सखिया पंचायत के मुखिया इंतियाज आलम, सीलवर पंचायत का मुखिया प्रतिनिधि उमेश प्रसाद सिंदूर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कृष्ण प्रसाद 20 सूत्री उपाध्यक्ष अजीत सिंह, उप मुखिया सुधा कुमारी वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, रोजगार सेवक पंचायत सेवक और प्रखंड सा आंचल के कर्मी और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## डोभा में डूबने से एक बच्ची की हुई मौत



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बदाही गांव में एक हृदय विदारक घटना घटी। शनिवार की शाम को डोभा में डुबने से एक बच्ची की मौत हो गयी। मृतक बच्ची की पहचान प्रभा कुमारी 9 वर्ष पिता लेखराज प्रसाद ग्राम बदाही कोषमा निवासी के रूप में हुई। जानकारी हो कि प्रभा शनिवार की शाम जानवर चराने गयी थी, देर शाम घर नहीं लौटने पर परिजन परेशान हो गए। खोजबीन करने पर गांव में बने डोभा में प्रभा को डुबा हुआ पाया। बाहर निकालने पर उसे मृत पाया गया। शव के मिलने पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना से पुरे गांव में मातम पसर गया। सभी घरों में मनाए जा रहे बड़का पर्व फीका पड़ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा।

## संविधान दिवस पर कर्मियों ने ली शपथ



केरेडारी (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के अवसर पर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मियों ने रविवार को संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर शपथ लिया। इस अवसर पर बिडिओ अमित कुमार ने कहा की आज ही के दिन संविधान सभा में भारत के संविधान को पारित किया गया था इसलिये आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। सीओ रामरतन बर्णवाल ने कहा कि आज का दिन देश के लिए अहम है क्योंकि कई देशों से मिलाकर संविधान को अंगीकृत किया गया थो वहीं केरेडारी पंचायत भवन में भी संविधान दिवस के अवसर पर भारत के संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया। मौके पर बिडिओ अमित कुमार, सीओ रामरतन बर्णवाल, उमेश, सचिन, मो इरफान सहित कई लोग मौजूद थे।

## पति करता था फोन पर दूसरी महिला से बात, हाथ बांध कर पत्नी ले गयी थाना



सतगावां (आजाद सिपाही)। पति दूसरी महिला से फोन पर करता था बात, ऐसे में हाथ बांधकर उसे उसकी पत्नी थाना ले गयी। मामला थाना अंतर्गत ग्राम खुट्टा का है। वहां के संतोष राजवंशी की पत्नी चंचला देवी ने अपने पति पर किसी दूसरे महिला से साथ फोन करने व मारपीट करने भरण पोषण नहीं देने व बच्चों के ऊपर बर्बरता करने को लेकर आरोप लगाया। इसी को लेकर पत्नी पति का हाथ बांधकर थाना ले गयी। खुट्टा में इस मामले को देखकर काफी भीड़ इकट्ठा हो गए। पत्नी पति के हाथ बांधकर बाजार में पैदल ही लेकर थाने चल दिए पत्नी का आरोप है कि पति किसी और महिला के साथ बात करता है एवं हमें भरण पोषण नही देता है। पत्नी ने बताया कि हमारे दो छोटे-छोटे बच्चे हैं उसका देख रेख नहीं करता। पत्नी ने बताया कि वह हमारे बच्चों को मार देना चाहता था और हमेशा घर से फरार रहता है। इस संबंध में कई बार समझने की कोशिश की गयी बावजूद भी अपने हरकत से बाज नहीं आया। जिसको लेकर चंचला देवी ने अपने पिता को फोन के माध्यम से खुट्टा बुलाया तथा संतोष राजवंशी को पड़कर हाथ को रस्सी से बांध दिया एवं उसे सतगावां थाना ले गयी।

## त्रिवेणीकांत ठाकुर साहित्य सम्मान समारोह आज डीवीसी सभागार में आयोजित होगा समारोह

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। प्रत्येक बर्ष की तरह इस बार भी शिक्षाविद त्रिवेणी कांत ठाकुर की 13वीं पुण्यतिथि इस बार 27 नवंबर को डीवीसी सभागार में मनाया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न भाषा के साहित्यकार और पत्रकार सम्मानित किए जायेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएफ कुमार मनीष अरविंद होंगे। जबकि समारोह के अध्यक्षता डॉ शंभू बादल करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पुर्व कुलसचिव डॉक्टर बंशीधर रुखियार शामिल होंगे। यह जानकारी ट्रस्ट के सचिव राकेश ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि इस बार हिंदी मे विनोद राज विद्रोही, मैथिली में विजय शंकर मलिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉ शैलेश शर्मा को पुरस्कार दिया जायेगा। कार्यक्रम में डॉ शम्भू बादल की पुस्तक कविता का मैथिली अनुवाद करने वाले हित नाथ झा की पुस्तक चयन ओ मैथिली का विमोचन भी किया जायेगा। यह सम्मान तथा पुरस्कार 2016 से विभिन्न भारतीय भाषाओं में त्रिवेणीकांत ठाकुर की पुण्य तिथि 27 नवंबर को साहित्यिक समारोह मे प्रदान किया जाता है।

## बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो का ऋण अदायगी शिविर 29 दिसंबर को

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो और जामू शाखा के द्वारा 29 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से स्थायी लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त बातों की जानकारी बैंक ऑफ इंडिया शाखा के शाखा प्रबंधक सुशील कुमार व जामु शाखा के शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार मार्केट में बिग बीलियम सेल आता है। सभी प्रोडक्ट में बंपर छूट दी जाती है, ठीक उसी प्रकार बैंक ऑफ इंडिया ने यह घोषणा की है कि अपने एनपीए खाताधारियों को एक मुक्त समझौता पर भारी-भरकम छूट दी जायेगी। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल से आंचलिक प्रबंधक वी वी के किशोर, आंचलिक प्रबंधक राजेश कुमार बैस, मुख्य प्रबंधक ऋण वसूली विभाग के संतोष कुमार सिन्हा, स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन जज अमृत लाल यादव, सदस्य बालेश्वर राम, ममता सिंह, पेशकार महेंद्र नारायण, रंजीत पांडे बैंक ऑफ इंडिया कोडरमा से अग्रणी जिला प्रबंधक अजय राणा, क्षेत्रीय प्रबंधक विमल कांत झा समेत बैंक ऑफ इंडिया शाखा के सभी कर्मी उपस्थित रहेंगे।

## अवैध खनन के मामले में प्राथमिकी दर्ज

चंदवारा (आजाद सिपाही)। अवैध पत्थर खनन मामले में अवैध खनन, प्रेषण और राजस्व की चोरी के जुर्म में अवैधकर्ता बद्री पासवान, उम्र करीब 50 वर्ष पिता स्व बोधो पासवान, संजीत पासवान उम्र करीब 26 वर्ष,उमेश पासवान उम्र करीब 29 वर्ष दोनो के पिता बद्री पासवान तीनो साकिन-भटबिगहा, मनोज पासवान उम्र करीब 52 वर्ष, पिता हुलाश पासवान सा रामपुर बसरिया व पोकलेन मशीन चालक गोविन्द यादव उम्र करीब 43 वर्ष, पिता हेमराज यादव साकिन नवादा सभी थाना चौपारण, जिला हजारीबाग साथ ही हाईवा संख्या जेएच 12 के 8187, जेएच 10 बीजेड 7945, जेएच 02 एडी 5229, एम एच 49 एटी 2698 के मालिक तथा चालक व पोकलेन मशीन के मालिक पर भादवि की धारा 379/411 और झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 54 के तहत चंदवारा थाना में कांड संख्या 112/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# भारतीय संविधान में तानाशाही के लिए कोई जगह नहीं: प्रो बीपी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भारत के संविधान निर्माताओ ने स्वतंत्र भारत के निर्माण को आर्थिक न्याय और समाजवादी लोकतंत्र पर आधारित किया है। उक्त बातें प्रोफेसर बीपी सिंह ने कही। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में रविवार को संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि प्रो. सिंह संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि भारत में ना तो अमेरिका की भांति न्यायिक सर्वोच्चता को और ना ही इंग्लैंड की भांति संसद की सर्वोच्चता को स्वीकार किया है। भारत के संविधान निमार्ताओ ने भारत में संविधान की सर्वोच्चता के माध्यम से विधि के शासन को अपनाया है। इसमें व्यक्ति के शासन का कोई स्थान नहीं है। इसी कारण भारत के संविधान में तानाशाही के लिए कोई जगह नहीं है। विशिष्ट वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए डॉ प्रमोद कुमार ने कहा की संविधान सभा में हजारीबाग से दो सदस्य थे। बाबू राम नारायण सिंह ने जहां पंचायती राज के प्रावधानों को संविधान में जोड़ने की बात कही थी वही कृष्ण बल्लभ सहाय ने भूमि सुधार के बिंदुओं को संविधान में आत्मसात करने पर बल दिया था। इससे पूर्व आचार्य विनोबा भावे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विवि के कुलसचिव सह वाणिज्य विभाग के संकायअध्यक्ष डॉ मोख्तार आलम ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ किशोर कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अच्छी संख्या में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित हुए।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कि हजारीबाग जिला इकाई की अति आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा के द्वारा किया गया। इस बैठक में आगामी 10 दिसंबर को होने वाले आम सभा तथा स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद की जयंती समारोह की समापन कार्यक्रम जो नगर भवन में होना है उसकी तैयारी को लेकर गहन चर्चा की गयी। कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद की अगुवाई में जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के द्वारा एक अहम बैठक की गयी। इसमें कार्यकारिणी के अधिकांश सदस्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की हुई बैठक



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के अवसर पर जूलू पार्क स्थित मेहता विकास भवन में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला अध्यक्ष जेपी मेहता ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अजय कुमार मेहता, सुरेश ठाकुर, जिला प्रवक्ता बसंत नारायण मेहता, ईचाक प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मुकेश राणा, दारू प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा, जिला सचिव डॉ खेमलाल महतो, टाटीझरिया के विनोद कुमार कुशवाहा, बड़कागांव के मिथिलेश कुमार दांगी व अन्य पदाधिकारी गण और सदस्य शामिल हुए। बैठक में प्रदेश सचिव अजय कुमार मेहता ने कहा कि आगामी दिसंबर माह में राष्ट्रीय ओ बी सी मोर्चा के द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश में ओ बी सी की 52% हिस्सेदारी जागरूकता रथ यात्रा निकाली जायेगी। प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर ने कहा कि अब झारखंड सरकार को भी अविलंब जाति सर्वेक्षण कराकर राज्य में ओबीसी को आबादी के अनुपात में 52% हिस्सेदारी मिले। जिला अध्यक्ष जेपी मेहता ने कहा कि ओबीसी समुदाय के सभी लोगो को आगे बढ़कर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा।

## पब्लिक स्कूल में मनाया गया कानून दिवस



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। मानसरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी में कानून दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय निदेशक महेंद्र मंडल व प्रधानाचार्य सोनू कुमार उपस्थित थे। निदेशक ने बच्चों को कानून दिवस की विशेषता बताते हुए कहा कि हमारा समाज बिना कानून व्यवस्था का एक युद्ध के मैदान जैसा है जिसमें हम सभी आपस में लड़ते झगड़ते देखे जा सकते हैं, इसलिए हमारे कानून निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारत के कानून को बनाया। 26 नवंबर 1949 को हमारा संविधान लागू हुआ था इसलिए 26 नवंबर को हम कानून दिवस के रूप में मनाते हैं। प्रधानाचार्य सोनू कुमार ने कानून दिवस के अवसर पर विद्यालय में कानून की पढ़ाई कराने की बात कही। मौके पर सभी शिक्षक रोहित मंडल, मुकेश, निधि, एकता, लक्ष्मी, नूरी समेत सभी बच्चे उपस्थित थे।

## मुखिया पूनम ने सोलर जलमीनार का किया उद्घाटन



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ पंचायत अंतर्गत बढई टोला में विष्णुगढ़ मुखिया पूनम कुमारी दास ने शनिवार को सोलर जलमीनार का विधिवत पूजा अर्चना, नारियल फोड़कर और फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर मुखिया पूनम कुमारी दास ने कहा कि सरकार ने पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए महत्वाकांक्षी योजना चला रखी है। जिसमें पेयजल समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से जगह-जगह पर जलमीनार का निर्माण कराया गया है। यहां के ग्रामीणों को पेयजल को लेकर घोर किल्लत हो रही थी। जिसमें यहां के लोगो को काफी परेशानी हो रही थी। अब यहां के ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। गर्मी के मौसम आने वाला है, जिससे इस जलमीनार से क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगा। उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से वार्ड सदस्य अंगद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास, दिनेश शर्मा, प्रभु विश्वकर्मा, निर्मल विश्वकर्मा, अनूप कसेरा, सुजीत सोनी, मोहन विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा ,रंजीत विश्वकर्मा, गुड्डी देवी, बबिता देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

दूसरे दिन विधायक ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद बड़कागांव प्रखंड के सिकरी पंचायत में दूसरे दिन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होकर महागठबंधन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया। शिविर में लगे सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर समूचित व्यवस्था का जायजा लिया। झारखंड सरकार द्वारा आहूत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन बड़कागांव प्रखंड के सिकरी पंचायत भवन प्रांगण में मुखिया प्रभु महतो की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद, प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास प्राधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, उपप्रमुख बचनदेव कुमार सहित अन्य लोगों के द्वारा किया गया। उपस्थित विधायक व अन्य लोगों के द्वारा कंबल धोती साड़ी और मृत्यु प्रमाण पत्र,जन्म प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके अलावा जेएलएसपीएस महिला समूह के बीच ऋण वितरण किया गया। इस दौरान अबुवा आवास योजना के लिए आवेदकों की काफी भीड़ देखी गयी।

मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, उपप्रमुख वचनदेव कुमार, मुखिया प्रभु महतो, पंसस सुषमा देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ चौबे, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## भंडारे के साथ ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के उत्तरी पंचायत स्थित कन्हैया नगर स्थित प्रखंड प्रमुख बिजय कुमार सिंह के यहां 20 नवंबर से चल रहे सात दिवसीय एकादशी व्रत उद्यापन श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन रविवार को भव्य भंडारे के साथ हो गया। महायज्ञ के अंतिम दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा व महाआरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस मौके पर आयोजित भंडारे में क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही यज्ञ आचार्य व पंडितों ने क्षेत्र की सुख शांति और परिवार की समृद्धि की कामना की।

## बद्रीनारायण ओझा के निधन पर शोक सभा आयोजित



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह समाजसेवी बद्रीनारायण ओझा के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। आयोजित शोक सभा में अपना शोक व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि ये कांग्रेस के हितैषी प्रखर समामाजसेवी, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। शोक सभा के अंत मे कांग्रेसियो द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति व इस संकट घड़ी मे इनके परिजनों को धैर्य तथा सहन शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गयी। शोक सभा में प्रदेश सचिव बिनोद सिंह उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, जावेद इकबाल, सलीम, कजरू, अख्तर, मुकेश आदि उपस्थित थे।

## दौलत महतो बीएड कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। दौलत महतो मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय बनासो में दो दिवसीय जनजाति शिक्षा पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ प्रमोद कुमार नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि प्राइवेट स्कूलों के शिक्षक को भी प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जनजाति समुदाय की शिक्षा की बात है। आज विदेशो से लोग आकर हमारी संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। हमसबको जनजाति समुदाय को आगे बढाने में काम करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि बी बी मल्लिक ने जन जातीय शिक्षा पर विस्तार पूर्वक बताया। मौके पर प्राचार्य सुनील कुमार चतुवेर्दी, अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाशोत्सव पर निकाली गयी शोभायात्रा

जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल... के जयकारे से गुंजायमान हुआ इलाका, लंगर में शामिल श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर रविवार को शहर में नगर कीर्तन निकाली गयी। नगर कीर्तन में श्रद्धालु जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, राज करेगा खालसा, पंत की जय हो... जैसे नारे लगा रहे थे। नगर कीर्तन को समाज के संजय सूद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर कीर्तन का नेतृत्व सरदार अवतार सिंह, सरदार यशपाल सिंह गोल्डन व सरदार हरपाल सिंह कर रहे थे। गुरुद्वारा रोड स्थित गुरु सिंह सभा से जब नगर कीर्तन निकाली गयी तो सिख समाज के अलावा अन्य समुदाय के लोग भी शोभायात्रा में शामिल हुए। नगर कीर्तन के सबसे आगे निशान साहब को तुलसी सिंह उठाकर चल रहे थे। पंच प्यारे के रूप में सरदार गुरविंदर सिंह, सरदार अवतार सिंह, सरदार परमिंदर सिंह, सरदार सिमरप्रीत सिंह व सरदार मंजीत सिंह आगे आगे चल रहे थे। नगर कीर्तन में एक सुसज्जित वाहन पर गुरु ग्रंथ साहब को विराजमान किया गया था। वाहन में बैठे सरदार हरपाल सिंह व गुरुभेज सिंह गुरु के संदेशों को बता रहे थे। नगर कीर्तन में सिख धर्मावलंबियों के द्वारा सतनाम वाहेगुरु वाहेगुरु.., सतगुरू नानक प्रगटया, मिटी धुंध जग चानन होया.., 300 साल गुरु दे नाल हर दिन हर पल गुरु दे नाल.., गुरु नानक तेरी जय होवे, सब देखे फूल बरसा दे जैसे भजन से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा।

**गतका पार्टी ने दिखाए हैरतअंगेज कारनामे:** नगर कीर्तन के दौरान अलवर राजस्थान के बब्बर खालसा गतका अखाड़ा ग्रुप शामिल हुए। मधुरमीत सिंह के नेतृत्व में कई हैरतअंगेज कारनामे दिखाए जा रहे थे। वही गतका पार्टी द्वारा चक्रजाल, फाय, कृपाण, डांग, तलवार, ढाल, गोढ़ा आदि के कर्तव्य से लोग रोमांचित हो उठे। नगर कीर्तन का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वही नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट के द्वारा ठंडा पेय पदार्थ की व्यवस्था की गयी।

# श्री गुरुनानक जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा

**विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने किया जगह-जगह स्वागत**

**सतगुरु नानक प्रकट्या मिट्टी धुंध जग चानन होया, कोई बोले राम राम कोई सेवाईया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सतगुरु नानक प्रकट्या मिट्टी धुंध जग चानन होया, कोई बोले राम राम कोई सेवाईया आदि गुरुवाणी से रामगढ़ शहर गुंज उठा। मौका था गुरुनानक देव जी के 554वें प्रकाश उत्सव का। रविवार को रामगढ़ गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में नगर कीर्तन सह शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा बिजुलिया स्थित स्व सरदार गुरदत सिंह जॉली के आवास से लंगर प्रसाद ग्रहण कर निकाली गयी। शोभायात्रा में भारी संख्या पर सिख बुजुर्ग, युवक, महिलाएं, बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा गुरुद्वारा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी और सटिंदर सिंह छबड़ा के नेतृत्व में निकाली गयी। महाराज की सवारी गाड़ी के आगे गुरु के पंज प्यारे खुली किर्पन लेकर चल रहे थे। पंज प्यारे के रूप मे सरदार कुलबीर सिंह छबड़ा, सरदार यश छबड़ा, सरदार अंगद चंडोक, सरदार विंकल कालरा और सरदार रंजीत सिंह चल रहे थे। उनके पीछे निशान साहिब की सेवा मंजोत कौर, रावलीन गांधी, निधी कौर, परमीत कौर और जसलीन कौर गांधी कर रहे थे। सवारी गाड़ी में प्रसाद वितरण राजू लंबा, पप्पू चमन, पावी कालरा, गिनी गांधी कर रहे थे। जबकि लोगों का अभिनन्दन और संचालन सरदार हरदीप सिंह कर रहे थे।

शोभायात्रा में बैंड पार्टी, उसके बाद गुरु नानक स्कूल के बच्चों का बैंड ग्रुप, स्कूल के बच्चे भारी संख्या में गुरु नानक देव जी के नारे और भजन करते जा रहे थे।

**शोभायात्रा की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने किया स्वागतः** शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने जगह जगह जोरदार स्वागत किया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल लोगों को चाय नास्ते की सेवा दी। शोभायात्रा का स्वागत बिजुलिया, छावनी फुटबॉल ग्राउंड, पुराना बस स्टैंड, लोहार टोला, पंचमुखी हनुमान मंदिर, चट्टी बाजार, झंडा चौक, थाना चौक, होटल पार्क, बुधिया इलेक्ट्रॉनिक आदि जगह मेबकी गयी। शोभायात्रा बिजुलिया से आरंभ होकर पुराना बस स्टैंड, लोहार टोला, चट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक होते हुए रात्रि के समय गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुई।



### शोभायात्रा में ये थे शामिल

शोभायात्रा में सरदार मनमोहन सिंह लांबा, पूर्व प्रधान रमिंदर सिंह गांधी, इंद्रपाल सिंह सैनी, रघुबीर सिंह छाबड़ा, बलजीत सिंह बेदी, गुल्लू आंनद, अनमोल आनंद, अनमोल सलूजा, जवनीश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, बबलू छाबड़ा, अनु कालरा, राजा, इंदरजीत सिंह कालरा, इंदरजीत सिंह कोहली, पप्पू जस्सल, कुलजीत कालरा, हरपाल सिंह अरोड़ा, विमला जस्साल, रानी, रोमा, मनप्रीत, नवलजीत, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा, सुमी, गुरबख्श, मनप्रीत, महेंद्र कौर, रंजीत कौर सहित सिख समाज के कई महिला पुरुष शामिल थे।

### विशेष दीवान सजेगा आज

श्री गुरु नानक स्कूल में सोमवार को विशेष दीवान सजाया जायेगा। जिसकी सेवा गुरु नानक स्कूल कमिटी, गुरुद्वारा कमिटी, साध संगत और नौजवान सिख युवा के साथ मिलके तैयार की जायेगी।

## टर्बो गाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना क्षेत्र के पतरातू खैरा मांझी द्वार से पालू की ओर जाने वाली सड़क में सावित्री पेट्रोल पंप के पास रविवार की देर शाम एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार एक अज्ञात टर्बो वस्तू महतो बरतुआ निवासी नामक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पुलिस को घटना की जानकारी दी गयी। सूचना मिलने पर पतरातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर चली गयी।

## मांडू थाना परिसर में मना संविधान दिवस



मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू थाना परिसर में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर थाना के पुलिस कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया। इस अवसर पर पुआनि अनिल हेमब्रोम, संतोष कुमार गुप्ता, गौतम, सआनि दिनेश सिंह, सुरेंद्र सोय, दिलीप, रामाकांत, अविनास समेत थाना के सभी पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## आजाद भारत के इतिहास में 26 नवंबर की खास अहमियत है : ब्रजेश गौतम



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ब्रजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। न्यायिक पदाधिकारी के साथ व्यवहार न्यायालय सभी कर्मचारियों ने भारत के संविधान के उद्देशिका को पढ़ा। जिला जज ने बताया कि देश में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। आजाद भारत के इतिहास में 26 नवंबर की खास अहमियत है। दरअसल यही वह दिन है, जब गुलामी की जंजीरों से आजाद होकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया। पारा लीगल वोलेंटियर्स रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में आज भारत संविधान दिवस के अवसर पर लोगों के साथ मिलकर उद्देशिका को पढ़ा और लोगों को जागरूक किया।

## काली मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू



कुजू(आजाद सिपाही)। श्री श्री काली पूजा समिति, डटमामोड़ के सौजन्य से जीएम कॉलोनी डटमामोड़ स्थित काली मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया। आयोजित हरिकीर्तन कार्यक्रम में पंडित धीरन मुखर्जी द्वारा यजमान बने संजय सिंह, पंकज शर्मा और हरि महतो को विधिवत पूजार्चना कराया गया। तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों से आये कीर्तन मंडली के कलाकारों ने भक्ति गीतों की धुन पर कीर्तन किया। साथ ही, समिति के सदस्यों ने माला जाप भी की। समिति के सदस्य संजय सिंह ने बताया कि 27 नवंबर को हरिकीर्तन समापन के मौके पर भव्य भंडारा स्वरूप प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मौके पर विजय पांडेय, एन पाठक, योगेंद्र सिंह, सुमित झा, बसंत लाल, शुक्ला, राकेश उपाध्याय, निर्भय कुमार दुबे, अमर कृष्णा अमर, अरुण कुमार, भोला उपाध्याय, मिंटू पांडेय, कृष्णा बिहारी, नन्दलाल कुमार, सुजीत झा, सर्वेश समेत कई धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

## भुरकुंडा में मनाया गया संविधान दिवस



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा रिभर साईड शास्त्री पार्क कॉलोनी स्थित राजद कार्यालय में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान संतोष यादव ने बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। साथ ही संविधान का निष्ठा से पालन करने का शपथ भी लिया।

## विश्व परिषद बजरंग दल टंडवा प्रखंड की बैठक संपन्न



टंडवा(आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल टंडवा की बैठक टंडवा के टाउन हॉल में संपन्न हुयी। जिसमें मुख्य रूप से प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर उपस्थित हुये। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता ने की। इस बैठक में टंडवा प्रखंड के प्रखंड टोली व पंचायत टोली के साथ-साथ दुर्गा वाहिनी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुये। बैठक की शुरूआत के साथ, सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुये प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने बताया कि अयोध्या में हो रहे श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है। इसके लिए उन्होंने सभी पंचायत स्तर तक के कार्य पालको की घोषणा की गयी।

# विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर पतरातू में 13 करोड़ की लागत से कई सड़कों का होगा निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद के पहल पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास की नयी गाथा लिखे जानी की बात कही जा रही है। विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने बताया कि क्षेत्र के सभी हिस्सों में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर लगभग एक दर्जन सड़कों का निर्माण होना है। उक्त सड़कों के निर्माण में लगभग 13 करोड़ की लागत आयेगी। विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग से पथों के निर्माण के निमित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान हो गयी हैं। इस संदर्भ में विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सड़क निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गयी है। बहुत जल्द झारखंड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बड़कागांव विधानसभा में विकास की नयी गाथा लिखी जायेगी। सड़क विकास का पैमाना होता है। इसलिए पतरातू प्रखंड क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाकर ग्रामीणों को आागमन के लिए सौगात दी जायेगी।



विधायक अंबा प्रसाद

### इन सड़कों का होगा निर्माण

हफुआ पंचायत के पंचायत भवन से बटुका शिव मंदिर तक 1.400 किमी, सोलिया ग्राम से पलानी झरना तक की लगभग 2.900 किमी, पिरी से तेलियातू तक 4.800 किमी, हफुआ हरियाटोला से औसाम चांडल टोला तक 2.250 किमी, बरकाकाना ग्राम से मसमोहना भाया पिरी तक 3.250 किमी, तालाटांड़ मेन रोड से तिरिलबेड़ा (बेती मोड़ से तालाटांड) तक 2.600 किमी, मतकमा रेलवे फाटक से मंडाटांड़ तक 1.900 किमी, रोचाप डोकाटांड़ से टोकीसुद रेलवे स्टेशन तक 3.400 किमी, पलानी मवि स्कूल से करम टोला तक 1.250 किमी, तालाटांड़ से बेती मोड़ से हरिहरपुर रोड तक 2 किमी, सालगो से सुथरपुर तक 1.300 किमी व तालाटांड़ मुख्य पथ से तालाटांड़ मुख्य पथ भाया शिव मंदिर तक तक 1.250 किलोमीटर पथ का निर्माण विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर होना है।

## पायोनियर बीज कंपनी ने किसान गोष्ठी आयोजित की

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। विश्व की अग्रणी बीज कंपनी पायोनियर द्वारा हंटरगंज प्रखंड के लिचरी गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के जिला इंचार्ज निवारण पांडेय एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि राजकुमार यादव, श्रीकांत कुमार एवं मनोज सिंह ने किसानों के बीच बेहतर उपज देने वाली 27पी37 धान के बारे में बताया गया साथ ही साथ फसल में लगने वाली कीट रोग से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई । तथा किसानों को पायनियर 27पी37 धान दो नंबर जमीन के लिए 128 से 132 दिनों के बेहतर पैदावार देने वाली धान है जो कि किसानों के प्रति एकड़ 3 से 4 किवंटल ज्यादा उपज देती है जिसकी लंबी बालियां वजनदार तथा खाने में भी स्वादिष्ट होती है। किसानों को खरीफ सीजन में सही धान का चुनाव करने की सलाह दी गयी ।साथ ही साथ गांव समृद्ध बनाने के लिए एक रैली निकाली गयी। इस गोष्ठी में उपस्थित किसान मुरारी यादव, सतेन्द्र यादव, अखिलेश यादव, बिलेश यादव, सहदेव यादव, पिंटू यादव और सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## चतरा में खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक



चतरा (आजाद सिपाही)। खरवार भोगता समाज विकास संघ जिला इकाई की बैठक नीलाम्बर-पितांबर स्मारक भवन में जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह भोगता की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव विजय कुमार भोगता ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ,केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता सलाहकार झलकु गंझु, केंद्रीय सदस्य नरेश गंझु,लातेहार जिला अध्यक्ष प्रेम गंझु जिला सचिव सत्यनारायण गंझू, युवा जिला अध्यक्ष प्रकाश भोगता उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप 15 दिसम्बर 2023 को स्वर्गीय रामदेव गंझू की आठवीं पुण्यतिथि लातेहार के नगर चंदवा में आयोजित किया गया है इसको सफल बनाने के लिए चतरा जिला के सभी गांवों से हजारों की संख्या में शामिल होने की निर्णय लिया गया। बैठक में कामेश्वर भोगता ,बाबूलाल भोगता, प्रखंड समिति के अध्यक्ष सचिव सदस्य शामिल हुए नामधारी गंझू, नगीना भोगता, छोटू सिंह भोगता, प्यारेलाल भोगता, उपेंद्र भोगता, चंदू भोगता, योगेन्द्र भोगता, मोहन भोगता, बासुदेव भोगता, त्रिदेव भोगता इत्यादि शामिल थे।फोटो 1

## भाजपाइयों ने पीएम के मन की बात को सुना



मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू चट्टी शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 211 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 107 वें मन की बात को लोगों ने सुना। मौके पर भाजपा के प्रदेश कर समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बूथ अध्यक्षों ने सुना। आज के दिन एक ओर संविधान दिवस के रूप में जहां हम सभी मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मुंबई आतंकी हमले के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता, ऋषभ कुमार गुप्ता,अमित कुमार, बसंत गुप्ता, बलराम गुप्ता, विपिन कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार उपस्थित थे।

# घाटो मस्जिद-मदरसा के स्थान परिवर्तन के विरोध में 84 अंजुमन का आरा में महापंचायत

**कंपनी शरियत के खिलाफ जाकर एक मस्जिद को दूसरी मस्जिद में मिलाने की कोशिश कर रही**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** घाटो स्थित जामा मस्जिद-मदरसा के स्थान परिवर्तन के खिलाफ मर्कजी अंजुमन जमेतुल अंसार 84 अंजुमन की महापंचायत आरा में हुई। मौके पर डा सिराज अहमद व हाजी खलील शामिल रहे। इस दौरान वेस्ट बोकारो प्रबंधन द्वारा घाटो की मस्जिद-मदरसा को हजारीबाग स्थानांतरित करने के विरोध में चर्चा हुई। वही, वक्ताओं ने कहा कि घाटो की जामा मस्जिद का एक एकड़ का क्षेत्र है। जबकि प्रबंधन मात्र 16 डिसमिल में समेटने का प्रयास कर रही है। कंपनी शरियत के खिलाफ जाकर एक मस्जिद को दूसरी मस्जिद में मिलाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में उक्त मस्जिद को हजारीबाग ले जाने का औचित्य क्या है। वही, पूर्व में कई धार्मिक स्थलो का स्थान परिवर्तन कर आस-पास स्थापित किया गया है। महापंचायत में निर्णय लिया गया कि प्रबंधन ने अंजुमन का फैसले का सम्मान नहीं किया तो प्रबंधन को पुनः आवेदन देकर 15 दिनों की मोहलत दी जायेगी। सकारात्मक परिणाम न आने पर दिसंबर माह में टाटा प्रबंधन के विरुद्ध विशाल धरना-प्रदर्शन कर कंपनी का कामकाज पूरी तरह से ठप कर दिया जायेगा।

महापंचायत मे हैदर अली, डा जमील, मो. इस्माइल, सहीम जाफरी, मो. अजमत अंसारी, मो अहसान अंसारी, शेर कुरेशी, अख्तर अंसारी, हाजी अफजल, मो.बिलाल, तस्लीम अंसारी, गुलाम मुस्तफा सहित रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो जिला के 84 अंजुमन के सदर, सेक्रेटरी, बुद्धिजीवी शामिल रहे।



## जुबिली कॉलेज में संविधान प्रस्तावना पठन कार्यक्रम का किया गया आयोजन




भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को संविधान प्रस्तावना का पठन कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी व संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बी रविदास व प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि संविधान के प्रति जागरुकता बढ़ाने को लेकर प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत देश संविधान से चलता है। इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान के प्रति जागरूक होना जरूरी है। मौके पर राजन, अफरीदी, पूनम, ज्योति, अमन सहित अनेको छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

## मत्स्य पालन से लोगों को मिल रहा है रोजगार : अंबा प्रसाद



पतरातू (आजाद सिपाही)। मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य विभाग ने नलकारी डैम में बारह लाख मत्स्य बीज का संचयन किया गया। मत्स्य बीज का संचयन विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा शनिवार देर शाम को किया गया जिसमें आठ लाख आईएमसी और चार लाख ग्रास कार्प प्रजाति का मत्स्य बीज डैम में संचयन किया गया। इस दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मत्स्य पालन के जरिए लोगों को रोजगार से जोड़ने की योजना प्रारंभ की है। मौके पर मत्स्य विभाग झारखंड के डिप्टी डायरेक्टर संजय कुमार गुप्ता, रामगढ़ जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार, जिला मत्स्य प्रसार पदाधिकारी श्री धनराज आर कापसे, प्रमोद कुमार,विधायक प्रतिनिधी कृष्णा सिंह, पूर्व मुखिया पंचम मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, किशोरी केवट, शिव नारायण केवट सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## निरंजन महतो और चतुर राम ने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया : ओमप्रकाश महतो



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के टायर मोड़, मुर्राम कला में रामगढ़ महाविद्यालय के कर्मचारी समाजसेवी निरंजन महतो तथा सेवानिवृत्त शिक्षक समाजसेवी चतुर राम को श्रद्धांजलि दी गयी। सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिसकी अध्यक्षता ओम प्रकाश महतो ने किया। श्रद्धांजलि सभा में रामगढ़ जिला के कई गावों के लोग शामिल हुए। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे हैं। ओमप्रकाश महतो ने निरंजन महतो और चतुर राम के जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि इन दोनों के निधन से समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई असंभव है। दोनों का पूरा जीवन समाज को समर्पित रहा, जो हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। तारकेश्वर महतो एवं चिंतामनी पटेल ने कहा कि दोनों कि जीवनशैली अत्यंत सरल थी। साथ ही अपने निजी अनुभव साझा किया तथा दोनों की सामाजिक कार्य को अद्भुत बताया। सभा में स्व. निरंजन महतो के पुत्र राकेश रंजन, रूद्र प्रताप, स्व.चतुर राम के पुत्र जितेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, तारकेश्वर महतो, चिंतामनी पटेल, धनेश्वर, देवचरण महतो आदि उपस्थित थे।

# कैथा महादेव मंदिर का ढलाई कार्य शुरू, विधायक ने किया शुभारंभ

**बाबा केदारनाथ धाम के प्रारूप में जीर्णोद्धार होगा कैथा महादेव मंदिर : सुनीता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 26 कैथा में महादेव मंदिर का ढलाई कार्य शुरू किया गया। मंदिर ढलाई कार्य का शुभारंभ विधायक सुनिता चौधरी ने किया। विधायक ने कहा कि ग्राम वासियों का ईश्वर के प्रति अगाध श्रद्धा और आस्था है। जिसके कारण आज इस मांगलिक कार्य के अवसर पर सैकड़ों महिला -पुरुष जुटे हैं। कैथा महादेव मंदिर आस्था का केंद्र बनेगा, मंदिर ढलाई के अवसर पर भगवान का पूजन कर उन्होंने क्षेत्रवासियों के कल्याण की कामना किया। मंदिर ढलाई के शुभारंभ के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा लॉटरी आयोजित की गई है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी महाभोग आयोजित की गयी। वहीं मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि कैथा ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग, प्रयास और विधायक के सहयोग से कैथा महादेव मंदिर का बाबा केदारनाथ धाम के प्रारूप में जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों में हर्ष है। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष वार्ड पार्षद देवधारी महतो, सरंक्षक सुदर्शन महतो, चूनीलाल महतो, गणेश महतो, अशेश्वर, सुकर, संजय करमाली, ललन सिंह और समस्त ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे।



## जेएम कॉलेज में स्वयंसेवकों ने मनाया संविधान दिवस

भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में रविवार को कॉलेज परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इसकी शुरूआत कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह एवं राजनीतिक शास्त्र के वरीय शिक्षक ज्ञानेन्द्र दुबे ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर स्वयंसेवको सहित उपस्थित लोगों ने संविधान के प्रस्तावना की शपथ ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजली, आस्था, तन्वी, प्रिया, आयुष, प्रियांशु, सिराज आदि स्वयंसेवको का विशेष योगदान रहा।

## एक ही बाइक पर चार लोग थे सवार

# बालूमाथ में ट्रेलर की टक्कर से तीन की मौत

**गंभीर रूप से घायल बच्ची को रिम्स रेफर किया गया**



संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के चितरपुर के पास आज रविवार शाम ट्रेलर ने एक मोटरसाइकिल में सवार चार लोगों को टक्कर मार दी,जिससे मोटरसाइकल में सवार बाप बेटा तथा पत्नी की मौत घटना स्थल पर हो गई।हादसे के बाद मकैया- टाड़ पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर ट्रेलर चालक को गिरफ्तार करके ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है

मकैयाटाड़ पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर तथा ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार विजय गंझू अपनी पत्नी देवंती देवी बेटा। अमृत गंझू बेटी अंकिता कुमारी को अपने मोटरसाइकल से लेकर हेरहंज थाना क्षेत्र के हूरटाड़ अपने रिश्तेदार के यहाँ गया था जहाँ से लौटकर अपने घर चंदवा थाना क्षेत्र के अनगड़ा दामोदर चोतरो गाँव लौट रहा था ली चंदवा की ओर से तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाइकल सवार को अपने चपेट में ले लिया जिससे विजय गंझू, पत्नी देवंती देवी और बेटा अमृत गंझू की मौत घटना स्थल पर हो गई। जबकि तीन वर्षीय अंकिता कुमारी गभीर रूप से घायल हो गई। जिसे गहन चिकित्सा हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही जेएमएम लातेहार के विधायक बैजनाथ राम ने मृतकों के आश्रितों से तथा बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार महतो से विस्तृत जानकारी ली। साथ ही तत्काल तीनो मृतक के शव के अंत्यपरीक्षण करवाने के के लिए तत्काल सिविल सर्जन को व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इस घटना से उनके रिस्तेदारो में हाहाकार मच गया है चोतरो गाँव मे मातम छाया हुआ है। घायल अंकिता कुमारी के इलाज करवाने के लिए बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार महतो अपनी ओर से पांच हजार रुपये की सहायता भी किया।

## सीआरपीएफ 158 बटालियन में मनाया गया संविधान दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** 158 बटालियन, सी.आर.पी.एफ., लोहरदगा, मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के इस अवसर पर राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट 158 बटालियन ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सभा ने भारत के संविधान को 02 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवंबर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया था। साल 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को ₹संविधान दिवस₹ के रूप में मनाने का फैसला किया था। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था । वर्ष 2015 इसलिए खास था क्योंकि उस वर्ष संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती मनाई जा रही थी। इसके अलावा कमाण्डेन्ट - 158 बटा. ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश के नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहाँ संविधान में दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाते हैं इसलिए संविधान दिवस पर हमें अपने अंदर ज्ञान का दीपक प्रज्जवलित कर हमें अपने अधिकारों/कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां हमारे देश के संविधान के महत्व को समझ सके ।

## किसानों के बीच किया गया सरसों बीज वितरण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँड़ू पंचायत अन्तर्गत एकागुड़ी ग्राम में सरकार द्वारा संचालित योजना बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत प्रत्येक किसानों के बीच 2 - 2 किलो सरसों बीज का वितरण प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम एवं उपमुखिया सघनु लोहरा की उपस्थिति में विजय राम, हंसराज उराँव, मुस्ताक अहमद, आनन्द महली, जोखना उराँव, नुरेशा खातुन, मंगरी देवी, नवल महतो, प्रकाश साहु,आसिफ अंसारी, हीरामुनी देवी,ललित उराँव,प्रदीप भगत,मनी उराँव सहित अन्य किसानों के बीच बीज वितरण किया गया। बीज वितरण के लिये जिला कृषि कार्यालय आत्मा द्वारा किसानों के बिन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसे किसान कम बारिश और कम मेहनत में रवि फसल कर सकते हैं। बिरसा फसल विस्तार योजना के अन्तर्गत रवि फसल के माध्यम से तेलहन खेती को बढ़ावा देने के लिये बीज वितरण किया गया। जिसे झारखण्ड सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को खेती के लिये विभिन्न तरह की योजनाएं चलाते हुए समयानुसार खेती करने के लिये बीज उपलब्ध करा रही है। जिसे रवि फसल के लिये सरसों बीज वितरण किया जा रहा है। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम,सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन कुमार, उप मुखिया सधनु लोहरा,कृषि मित्र एतवा उराँव सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## असहाय लोगों को दिया गया कंबल व अनाज



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही) ।** कैरो प्रखंड मुख्यालय में ट्रांसमिटो डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वधान में सपोर्ट इंडिया के द्वारा रविवार को कैरो व आस-पास के गरीब असहाय वृद्धजनों को कंबल और अनाज का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित संस्था के मैनेजर नेहा कुमारी ने कहा कि इस संस्था के द्वारा गरीब असहाय लोगों को ठंड को देखते हुए कंबल व अनाज का वितरण किया जा रहा है। यह कार्य देश के कई क्षेत्र में किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से कहा लोग इसका लाभ उठाएं। इस मोके पर संस्था के बीडीएम रितेश कुमार ट्रेनर फुलमनी बारला, विरेन्द्र सिंह, लोकमित्र बलराम केवट, कृष्ण कुमार पांडेय लाभुक सविता देवी, बंधु उरांव, अनिता उरांव, विनोद उरांव, कार्तिक उरांव, सोफी तिर्की, हीरामनी उरांव आदि मौजूद थे।

## सादिक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी की हत्या चन्दवा थाना अन्तर्गत ग्राम दुबी स्थित हिन्दुस्तान बायो डीजल पेट्रोल पम्प के पास गोली मारकर अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा कर दिया गया था। इस घटना के बाद इस संबंध में चन्दवा थाना में दर्ज काण्ड की गंभीरता को देखते हुए काण्ड के उद्भेदन हेतु पुलिस कप्तान लातेहार द्वारा एक एस०आई०टी० का गठन अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, लातेहार के नेतृत्व में किया गया। एस०आई०टी० द्वारा काण्ड के उद्भेदन हेतु तकनीकि एवं मानवीय सूचना के आधार लगातार विभिन्न स्थानों पर छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में चन्दवा थानान्तर्गत ढोंटी जंगल से काण्ड में संलिप्त एक अपराधकर्मी मनोज तुरी को चौकीदार सदीक अंसारी की हत्या में प्रयुक्त हुए एक लोडेड देशी कट्टा एवं मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़ाये अपराधकर्मी से पुछताछ करने पर चौकीदार की हत्या में अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार किया। वह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एस० जे०एम०एम० का सक्रिय सदस्य है। पूर्व वह पी०एल०एफ०आई० एवं अन्य अपराधी गिरोहों के लिए काम कर चुका है।

## सादिक की हत्या के पीछे की मंशा स्पष्ट किये बिना उद्भेदन अधूरा: प्रतुल शाहदेव

**आदिवासी नाबालिग बेटी की अस्वाभाविक मौत के मुद्दे के उद्भेदन पर संतोष व्यक्त किया, परिजनों से मिल कर बात करेंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि लातेहार पुलिस ने पुलिस चौकीदार सादिक अंसारी और नाबालिग आदिवासी बेटी की अस्वाभाविक मौत की घटना का खुलासा किया। प्रतुल ने कहा कि सादिक हत्याकांड पर अभी भी बड़ा प्रश्न चिह्न लगा है, क्योंकि उसकी हत्या के पीछे के कारण और साजिश को पुलिस ने अभी तक नहीं बताया है।

सादिक पुलिस का चौकीदार था और हत्या के पीछे का जब तक रहस्य उजागर नहीं होगा, तब तक असली षड्यंत्रकर्ता तक नहीं पहुंचा जा सकता। प्रतुल ने प्रशासन से अपील की कि मृतक सादिक के परिजनों को सरकारी नौकरी और मुआवजा दिलाने हेतु अविलंब कदम उठाये जायें। प्रतुल ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पुलिस ने नाबालिग आदिवासी बेटी की रहस्यमई मौत की गुत्थी को सुलझाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र परिजनों के घर जाकर भी उनसे बातचीत करेंगे।

यहां बता दे कि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव चौकीदार सादिक की हत्या और आदिवासी नाबालिग बिटिया के मौत के घटनाओं पर बहुत सक्रिय थे।उन्होंने दोनों के परिजनों से मुलाकात भी की थी। प्रतुल ने आंदोलन का भी अल्टीमेटम दिया था।

## ट्रेन से बचने के लिए नीचे कूदने से हुई थी लड़की की मौत

**लातेहार(आजाद सिपाही)।** चन्दवा थाना अन्तर्गत ग्राम गेरुवागढा स्थित रेलवे बीच सं0-197 के नीचे में एक नाबालिक बच्ची का शव बरामद किया गया ।जिसमे पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। लातेहार के डीएसपी संतोष मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर घटना के बारे में बताया ।घटना के बाद नाबालिक बच्ची के परिजनों के द्वारा बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाया गया, जिस संबंध में चन्दवा थाना काण्ड सं0-220 / 2023 दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय, लातेहार के निदेर्शानुसार अनुसंधान के क्रम काण्ड के सभी पहलुओं पर जांच की गयी तो पता चला कि ट्रेन से बचने के क्रम में वह पुल से गिरी जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

## भाजपाइयों ने मनाया संविधान दिवस



**मनिका (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला लातेहार के तत्वाधान में संविधान दिवस मनाया गया मौके पर भाजपायों ने अंबेडकर चौक पर बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर उपस्थित जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे ने कहा की बाबा साहब अंबेडकर के बने हुए संविधान पर आज हमारा पूरा भारतवर्ष चल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान ने किया। मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित राज गोलू, अमरदीप प्रसाद, संदीप उरांव, अनुज पासवान, रोशन कुमार, संतोष यादव,विजय सिंह,अंकित कुमार गोलू,सुनील कुमार,मिथुन पासवान, भोला प्रसाद, कुंदन कुमार, बगेंद्र पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## संविधान की प्रस्तावना का पाठ हमें जवाबदेह नागरिक बनाता है: पीडीजे




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका एवं मौलिक कर्तव्य का पाठ पढ़ा गया ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल के नेतृत्व में सिविल कोर्ट परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के प्रस्तावना एवं 11 मौलिक कर्तव्यों का पाठ पढ़ा गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल ने संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों को पढ़ा जिसका उपस्थित अधिकारियों, न्यायिक कर्मियों, पीएलबी एवं पुलिस बल के जवानों ने प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों का पाठ दोहराया। पीडीजे ने कहा कि आज के दिन ही संविधान सन 1949 में लागू हुआ था । इसलिए आज के दिन पूरे राष्ट्र में संविधान के मौलिक कर्तव्य एवं प्रस्तावना या उद्देशिका का पाठ पढ़ा जाता है । आज उपस्थित लोगों में पीडीजे के अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय के प्रधान जज सुभाष, तृतीय जिला जज अरविंद कुमार, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के अतिरिक्त सिविल कोर्ट के 100 से ज्यादा कर्मी, प्रतिनियुक्त पीएलबी, पुलिस बल के जवान भी उपस्थित रहे।

## योजना से गांव के मजदूरों को मिलेगा रोजगार

**सेन्हा/ लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** पंचायत ग्राम में मजदूरों को मिले रोजगार पलायन पर लगेगा लगाम। उक्त बातें पीसीसी पथ शिलान्यास के दौरान जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कही. लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत ग्राम में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास गाँव के पाहन पुजार द्वारा आदिवासी रिति रिवाज के अनुसार पूजन कर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा विधिवत फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर किया गया। शिलान्यास के पूर्व कार्य प्रगति का जायजा संवेदक से लेते हुए जिला परिषद राधा तिर्की द्वारा बताया गया कि विशेष कार्य प्रमंडल योजना के माध्यम से करीब 24 लाख की लागत से निर्मित होने वाले मुख्य पथ सेरेंगहातु सेश्मशान घाट तक लगभग 1500 फिट लम्बा पीसीसी पथ का शिलान्यास किया जाएगा।

## पथ निर्माण का जिप सदस्य व मुखिया ने किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्तिथ पी डब्ल्यु डी रोड से रविन्द्र सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का जीप सदस्य सन्तोषी शेखर पंचायत के मुखिया कालो देवी राजद अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अली हसन अंसारी ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जहां पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर जानकारी देते हुए मुखिया कालो देवी ने कहा कि यह सड़क 15वें वित्त आयोग की राशि के अंतर्गत निर्माण की जाएगी। इसकी लागत दो लाख उनचास हजार रुपये होगी।इस दौरान उन्होंने पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता में है।इधर मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण हम सभी ग्रामीणों को सहूलियत मिलेगी।ग्रामीणों ने पंचायत के कालो देवी का सड़क निर्माण को लेकर धन्यवाद किया। मौके पर लाभुक सह अध्यक्ष बिरेन्द्र सिंह,सचिव शशि सिंह,रोहित गुप्ता,अखिलेश सिंह,जयनाथ सिंह,पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार पारस जायसवाल,विकास सिंह, समेत कई ग्रामीण मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सेन्हा थाना में संविधान दिवस पर दिलायी शपथ

**सेन्हा/ लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** संविधान दिवस पर सेन्हा प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थान में कार्यरत कर्मियों को दिलाया गया शपथ। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय सेन्हा एवं थाना परिसर सेन्हा में संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है जो देश के जनता को समानता का अधिकार दिया है। रहने जीने और अपने विचार को व्यक्त करने की आजादी दिया गया है। सेन्हा थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की भारत का संविधान को बनाने में 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन का समय लगा और 26 नवंबर 1949 को अपौचारिक रूप से देशवासी लोग स्वीकार किया था।

## अंबेडकर नवयुवक संघ ने मनाया संविधान दिवस

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित रविदास मुहल्ला कैरो में 26 नवंबर दिन रविवार को संविधान दिवस मनाया जाता। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर एवं संविधान की प्रस्तावना पढ़कर उपस्थित जनों को सपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अम्बेडकर नवयुवक संघ के अध्यक्ष संदीप रविदास ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की देन है जो कि आज हमसब स्वतंत्र रूप से किसी भी कार्यो को करते है। बाबा साहेब का एक ही मकसद था कि जिस सामाजिक पडताड़ना को हमने झेला है। आने वाला भविष्य इस कुरीति को न झेले। आज हमसब उनकी द्वारा लिखी गई संविधान दिवस मना रहे हैं। 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष पर भव्य कार्यक्रम आयोजन करना है। जिसकी तैयारी जोरों पर है बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप रविदास,मुन्ना राम,बिरेन्द्र राम,राजेश रविदास,अमरेश राम,ब्रजकिशोर राम,ब्रजेश रविदास,बांधन रविदास,चमरा राम,फकीर राम,शुकरा रविदास,सतन राम,अजय रविदास, शंकर राम,रामकेश्वर राम,सुबेन्द्र राम,विजय राम,सत्यनारायण रविदास,बबलू राम,संदीप राम इत्यादि शामिल थे।

## ख्रीस्त राजा पर्व पर निकली शोभायात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह ।** रविवार को प्रखंड मुख्यालय में ईसाई समुदाय के लोगों के द्वारा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में ख्रीस्त राजा पर्व मनाया। ख्रीस्त राजा पर्व को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ईसाई समुदाय के लोगों के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के कैथोलिक चर्च परिसर में पहुंचकर शोभायात्रा में शामिल हुए।

शोभा यात्रा की शुरूआत फादर जॉर्ज मटम के नेतित्व में चर्च परिसर सें निकाली गई जो अस्पताल चौक होटल हुए बस स्टेण्ड के बाद वापस चर्च परिसर में आकर संपन्न हुआ। शोभा यात्रा के दौरान जहां ईसाई समुदाय के महिला, पुरुषों और बच्चियों को देवदूत बनाकर उनके द्वारा नगर भ्रमण करते हुए पूरी शोभायात्रा के दौरान पुष्प वर्षा भी की गई और सभी ने प्रार्थना गीत गाते हुए प्रभु यीशु को याद किया । इस दौरान मौके पर फादर कवीण, फादर जॉर्ज मादपली, फादर जोशी, डॉ जीवन, सुशीला, मैरी कोंगारी, सिस्टर मुक्ति, सिस्टर सीमा, सिस्टर मर्लिन, सिस्टर तन्नू, सिस्टर बैरनडेथ, नेहा रानी, सुनीता टोप्पो, अजीता तिर्की, निर्मल ओड़िया, मनोज बेक, सुशीला मिंज, अमला मिंज प्रीति रोचना, मोनिका रोचना, विक्टर करकेटा, समेत काफी सख्या में ईसाई समुदाय के लोग शामिल थे।

## तालाब में डूबने से वृद्ध की मृत्यु



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमगाई गांव निवासी चेरो उरांव उम्र 71 वर्ष पिता स्वर्गीय भोलू उरांव की मृत्यु जमगाईं तालाब में डूबने से हो गई. चेरो के परिजनों ने बताया कि चेरों रोजाना नशा किया करता था. वह दो दिन पहले घर से निकला था। उसकी लाश तालाब में पाई गई. भंडरा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लोहरदगा भेज दी है।

## मनिका में पक्की सड़क का उद्घाटन

डिम्पल राजा

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने दो कालीकरण सड़क का नारियल फोड़ कर शिलापट्ट अनावरण किया। शिलान्यास पहला मनिका पचपेड़ी चौक से तीनमुहान, पलहैया होते हुए मटलौंग सरना चौक जाने वाली सड़क का शिलान्यास किया गया। दूसरा लंका मोड़ से रांकी कला होते हुए बकोरिया तक जाने वाली सड़क का शिलान्यास किया गया। दोनों सड़क कई करोड रुपए की लागत से बनाई जा रही है। वही पत्रकारों



को जानकारी देते हुए मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने बताया कि मनिका से तीनमुहान जाने वाली सड़क काफी जर्जर स्थिति में थी । हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती थी। हमारे पास कई लोग रोड बनवाने को लेकर पहुंचे। इस सड़क यात्रा कर रहे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कामेश्वर यादव, बृंद बिहारी यादव, तस्लीम अंसारी, रामजतन सिंह, अंजू यादव, गुलाम हुसैन, मनोज यादव, मथुरा उरांव, विश्वनाथ राय, नंदकिशोर यादव, मिथिलेश पासवान, दिनेश राय, ललन तिवारी, मनोज यादव, मनिका ग्राम प्रधान भारत प्रसाद, कलाम अंसारी, कृष्ण यादव, सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# डीसी ने पदाधिकारियों और कर्मियों को दिलायी संविधान की शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रविवार को संविधान दिवस के मौके पर जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में संविधान की शपथ ली गई। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, नजारत उप समाहर्ता,जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त की अगुवाई में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ ली गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आज का दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है। इस दिन को देश में संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करने और डा. भीमराव अंबेडकर के अमूल्य योगदान और उनके विचारों व आदर्शों का स्मरण करने के साथ उसे आत्मसात करने का दिन है। उपायुक्त ने कहा कि भारत का संविधान ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो देश के हर नागरिक को समान अधिकार देता है। सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि मिलकर विकास की राह बनाएं। हर स्तर पर लोगों का सहयोग करते हुए उन्हें प्रगति की ओर अग्रसर करने में अहम भूमिका निभाएं। हर अधिकारी व कर्मी संवेदनशील होकर कार्य करें।

## स्मृति मूर्ति स्थापना के लिए भूमि पूजन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** अमर जवान शहीद संतोष उरांव स्मृति मूर्ति स्थापना हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को चपका-चैनपुर मुख्य पथ के समीप किया गया। कार्यक्रम में कई राजनीतिक पार्टी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व आम लोग मौजूद थे। इस क्रम अमर शहीद संतोष उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान चपका से चैनपुर पथ का नाम अमर सहित संतोष उरांव के नाम पर रखा गया। इस मौके पर मौजूद पहान पुजार के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन संपन्न कराया गया। जहाँ शहीद के भाई संतराम उरांव ने भावुक स्वर में कहा जिस तरह से घाघरा के समाजसेवी व राजनीतिक पार्टी के द्वारा मेरे भाई शहिद संतोष उरांव के प्रतिमा लगाने को लेकर प्रयास किया गया। यह काफी सराहनीय है। इस क्षण को मैं और मेरा पूरा परिवार हमेशा याद रखेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पत्नी फुलसुंदरी देवी फूट-फूट कर रोने लगी। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने उनका ढांढस बांधा। इस मौके पर मुख्य रूप से शिवकुमार भगत, आशा लकड़ा, भिखारी भगत, तिम्बू उरांव, प्रमुख सविता देवी, अनिरुद्ध चौबे, कृष्णा कुमार लोहार, संजीव उरांव, अरुण पांडे, आदित्य भगत, झरी उरांव, अमित ठाकुर, अशोक उरांव, सुशील कुमार, विजय साहू, संजय उरांव, श्यामकिशोर पाठक, अरुनजय सिंह, अंगनी उरांव, शिला कुजूर सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

बताते चलें कि गत 17 नवंबर को आईईडी ब्लास्ट में घाघरा थाना के तुरियाडीह गांव निवासी सीआरपीएफ जवान संतोष उरांव की मौत हो गई थी। यह चाईबासा जिला के गोइलकेरा हाथीबुरु जंगल में सर्च अभियान के दौरान घटना घटी थी।

## जिला अध्यक्ष ने रसोइया संघ की बैठक में रांची जाने का अपील की



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** मुख्यालय के बजार टांड़ में झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संघ के जिला अध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में रविवार को प्रखंड के रसोईया एवं संयोजिका की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जहां देवकी देवी ने कहा कि हम लोगों के द्वारा पूर्व चित परिचित पांच सूत्री मांग सरकार से की जा रही है परंतु सरकार के द्वारा आश्वासन के सिवा कुछ नहीं दिया जा रहा है। जिसको लेकर आगामी 3 दिसंबर को रांची के मोराबादी मैदान में महासभा सम्मेलन का आयोजन किया गया है उन्होंने प्रखंड के तमाम रसोईया एवं संयोजिका से उक्त सम्मेलन में भारी संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि जब तक सरकार हम लोगों की मांग पूरी नहीं करेगी तब तक हम लोगों की लड़ाई जारी रहेगा अगर 3 दिसंबर को बात नहीं बनती है तो मध्यान भोजन बंद करते हुए रसोईया हड़ताल पर जाएंगे। जिसका जिम्मेवारी सरकार पर होगी। इस मौके पर प्रखंड सचिव अनीता उरांव, आशा भगत, मिलो भगत, रुनिया भगत, शालो उरांव, कुंदरी उरांइन,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संविधान की शपथ के साथ समता, स्वतंत्रता, बंधुता और न्याय का पढ़ाया गया पाठ



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुग्गू जतरा मैदान में संविधान दिवस पर राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी कर्मचारी संघ और भारत मुक्ति मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान से संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ.सतीश कुमार के द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। समता, स्वतंत्रता, बंधुता और न्याय पर आधारित राष्ट्र निर्माण पर जोर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे थेड़यूस मिंज के द्वारा संविधान के निर्माण, महत्व और एसटी एससी ओबीसी माइनॉरिटी समुदायों को प्रदत अधिकारों के संदर्भ में जानकारी दी गई। मौके पर मेहताब आलम, ललित उरांव, विनोद मिंज(भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ), सुशील कुजूर, विश्वनाथ प्रधान,झारखंड आंदोलन संघर्ष मोर्चा से चुइटा लोहरा, सोमरा उरांव, इतवारी केरकेट्टा, बेबी एक्का, एमिल बड़ा बिरसी मिंज, ठुकरा ग्यार सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदमी पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया

**सिसई (आजाद सिपाही)।** आम आदमी पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को सिसई अम्बा बारी में धुमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने केक काटकर एक दुसरे को खिलाया। प्रखंड अध्यक्ष बुधू उरांव ने कहा कि आम आदमी पार्टी ही राज्य व देश का इमानदारी से विकास कर सकती है, देश की राजधानी दिल्ली व पंजाब में जिस तरह से वहां की जनता ने अरविंद केजरीवाल के ऊपर विश्वास कर सत्ता सौंपा है, आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों के विश्वास पर खरा उतर रही है। दस साल पहले स्तित्व में आई पार्टी को देश के तीसरे नंबर की राष्ट्रीय पार्टी बनना पार्टी नेतृत्व की क्षवि व इमानदार कार्यकताओं से संभव हुआ है। उन्होंने आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी को क्षेत्र की जनता से भरपूर समर्थन मिलने का भरोसा जताया है। मौके पर अजीत उरांव, रामचन्द्र बारला, रमेश उरांव, सुकरा उरांव, लालमोहन उरांव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मटर की फसल में ड्रोन से किया गया नैनो उर्वरक का छिड़काव

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर ।** इफको रांची के द्वारा बनारी लैंपस क्षेत्र के ग्राम बेतीं एवं नवाटोली गांव के दर्जनों किसानों के खेतों में लगी मटर की फसल में नैनो उर्वरकों का ड्रोन के माध्यम से स्प्रे किया गया। साथ ही इफको द्वारा ड्रोन तकनीकी की जानकारी किसानों को दी गई। इफको के प्रबंधक चंदन कुमार ने बताया कि इस तकनीकी के कई फायदे हैं और काम उर्वरक के इस्तेमाल के बावजूद पैदावार अधिक होती है उन्होंने कहा कि नैनो उरिया प्रधानमंत्री के विकसित भारत का सपना है। ड्रोन से छिड़काव करने से पौधों के पत्तों के ऊपरी और निचले हिस्से दोनों में स्प्रे होता है। इससे पौधों को ज्यादा मात्रा में विटामिन मिनरल्स मिलते हैं और पौधे की ग्रोथ परंपरागत खेती की तुलना में बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि ड्रोन के माध्यम से आलू मटर गेहूं मक्का सरसों अरहर आदि फसलों में कम लागत एवं समय का बचत करते हुए स्प्रे किया जा सकता है। लैंपस प्रबंधक लालकिशोर प्रसाद ने बताया कि इफको नैनो उर्वरकों का फसलों में प्रयोग के बारे में अभियान के रूप में प्रखंड के हर खेतों तक पहुंचकर किसानों को उपयोग एवं लाभ की जानकारी देना है आगामी 27 नवंबर को बिशुनपुर एवं चिपरी गांव में लगभग60 एकड़ में किसानों द्वारा लगाए गए मटर की खेती में ड्रोन के माध्यम से स्प्रे किया जाएगा। किसान रति उरांव सुरेंद्र खेरवार चंद्र मोहन खेरवार रविंद्र खेरवार मोहन खेरवार जितेंद्र लोहार छोटन उरांव आदि लोगों ने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि ड्रोन के माध्यम से आसानी से खेतों में दवा का छिड़काव किया जा सकता है।

## गुरुनानक देव की जयंती पर निकाली गयी शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिक्खों के प्रथम गुरु नानक देव की 554 वीं जयंती के अवसर पर रविवार को गुमला के जशपुर रोड स्थित गुरु सिंह गुरुद्वारा में गुरु ग्रंथ साहिब की पूजा अरदास की गई और शाम में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में सिक्ख समुदाय के लोग सुरमयी अरदास से झूम रहे थे।

गुरु ग्रंथ साहिब को रथ में सजाया गया था। रथ के आगे निशान दिलदार सिंह, सहजादे सिमरजीत सिंह, प्रभजोत सिंह, परमजीत सिंह, पंच प्यारे के रूप में अंशदीप सिंह, हरप्रतीत सिंह, प्रीतम सिंह, अनिक पाल सिंह, जसजीत सिंह आदि चल रहे थे। ज्ञात हो कि गुरु नानक देव की जयंती को सिक्ख धर्मावलंबी प्रकाश पर्व के रूप में मनाते हैं और एक सप्ताह पहले से प्रभात फेरी निकालते हैं। गुरुपूर्णिमा के पूर्व संध्या पर भव्य नगर कीर्तन जलसा निकाली गई तो जशपुर रोड गुरुद्वारा से पटेल चौक, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड गुरुद्वारा में समाप्त किया गया। नगर कीर्तन में शामिल रंजित सिंह ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु सिंह सभा में अरदास का आयोजन होगा और दोपहर में लंगर का आयोजन किया जाएगा। नगर कीर्तन में जयवीर सिंह, गगनदीप सिंह, गुरविन्दर सिंह, गुरमीत सिंह, कवंल जीत सिंह, इंदु कौर, रविन्द्र कौर, हरप्रीत सिंह आदि शामिल थे।

## आशा लकड़ा पहुंची प्रतियोगिता में, खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**घाघरा(आजाद सिपाही)।** हाई स्कूल मैदान में चल रहे आठवीं सब जूनियर झारखंड राज्य स्तरीय नेटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को रांची की महापौर आशा लकड़ा पहुंची। इस दरमियान बच्चों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही संविधान दिवस पर उपस्थित खिलाड़ी और लोगों को संविधान की शपथ दिलाई। मौके पर रांची महापौर आशा लकड़ा ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। खेलकूद के क्षेत्र में भी बच्चे अपना भविष्य बना सकते हैं। खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास भी होता है। इस तरह के खेल को बढ़ावा देने की जरूरत है। बच्चे बेहतर करें और अपने जिला व राज्य का नाम रोशन करें। मौके पर उपस्थित लोगों में पूर्व मुखिया गीता कुमारी झारखंड नेटबोल के महासचिव भूपेंद्र नाथ राम, अमित ठाकुर, विपिन बिहारी सिंह, तिम्बू उरांव, मोनालिसा कुमारी, बालमणि कुमारी, अरुण बेरा, गुंजन कुमार झा, संजीव पाल, गणेश भारती, जोहरा बेगम, अजय चौहान, पिंटू कुमार दास सहित कई लोग व खिलाड़ी उपस्थित थे।

## युवाओं ने ली संविधान की शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** मिशन बदलाव की महिला जिला सचिव सैयदा खातुन और तबरेज के नेतृत्व में युवाओं को भारतीय संविधान की शपथ दिलाई गई। सैयदा खातुन ने बताया कि हमारी टीम संविधान के उद्देश्यों को धरातल उतारने की कोशिस कर रही है। हमारी कोशिश है कि सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित हो। इसके लिये युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं को भी जागरूक कर उन लोंगो को उनके अधिकारों को लेकर लगातार जागरूक करने का प्रयास हो रहा है। मिशन बदलाव के अल्पसंख्यक मोर्चा सदस्य मो तबरेज ने कहा कि सविधान ने अधिकार दिया है कि लोगों को अपना नेता चुनने, अपने धर्म का पालन करने और अपनी पसंद का कार्य पोर्टफोलियो चुनने की शक्ति प्रदान करने के लिए की गई है। मिशन बदलाव के युवा क्रांतिकारी अंतन कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान के मुख्य उद्देश्यों में संप्रभुता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और गणतंत्र शामिल हैं। इसके अलावा न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व भी भारतीय संविधान के उद्देश्यों का हिस्सा हैं। हम सभी मिलकर धरातल में उतारा जा सकता है। कार्यक्रम में मिशन बदलाव के राजेश कुमार, राजेए राम,सुशीला कुमारी, वसुंधर कुमार और भोला पांडेय उपस्थित थे।

## गुडमा गांव में महिला का शव मिला

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गुडमा गांव के महिला भौंदी खड़िया उम्र लगभग 65 वर्ष पति बांदा पहन का शव छत विक्षत स्थिति में हड्डी के पांच टुकड़ों में मिला, पालकोट थानेदार अनिल लिंडा ने जानकारी देते हुवे बताया कि भोदी खड़िया विगत एक महीने से लापता थी जिसका रविवार को बाघिमा के रामाटोली कुजरी नदी दीपा से खोद कर हड्डी के चार पांच टुकड़ा में बरामद किया है जिसमे महिला के परिजनों द्वारा महिला के सिर का बाल एवं पहने हुए कपड़ों से पहचान कर लिया है हत्या कर साक्ष्य को छुपाने की नीयत से गड्ढे में दफन कर दिया गया घटना को लेकर पालकोट पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## अपनी नाकामी से नहीं बल्कि अपनी बदनामी से बौखला गयी है बसिया पुलिस

आफताब अंजुम

**गुमला।** बसिया पुलिस अपनी नाकामी पर नहीं बल्कि अपनी बदनामी पर बौखलाती है। अब यह बौखलाहट नहीं तो और क्या है कि बसिया थाना एक गांव में 19 वर्षीय बच्ची का बलात्कार होता है, बलात्कार के बाद आरोपी द्वारा उसे जान से करने का प्रयास किया जाता है। किसी प्रकार बच्ची जिंदा बच जाती है। बच्ची का इलाज परिजनों द्वारा बसिया के एक निजी अस्पताल में कराया जाता है। बच्ची को इलाज करने वाली डॉक्टर बसिया थाना फोन कर बसिया पुलिस को मामले से अवगत कराती है। बसिया पुलिस इस मामले को हल्के में लेते हुए उनसे इंज्युरी बनाने की बात कहती है, और ₹बाद में देखेंगे₹ कर टाल देती है। घटना के दूसरे दिन पीड़ित के पिता और उसके परिजन थाना पहुंचते हैं तो साथ में आरोपी की मां भी होती है। आरोपी की मां अपने बच्चों को विक्षिप्त बताती है और बसिया पुलिस यह कहकर प्राथमिक की दर्ज करने से इनकार कर देती है कि आरोपी विक्षिप्त है इसलिए हम प्राथमिकी दर्ज नहीं करेंगे। प्राथमिकी न होने से गुस्साए ग्रामीण इसके बाद ग्राम सभा करते हैं। जब मामला तुल पकड़ने लगता हैं और पुलिस को यह भनक लग जाती है कि यह मामला कल अखबार में प्रकाशित होने वाला है साथ ही इस मामले को लेकर ग्राम सभा की गई है तो आनन फानन आधी रात को बसिया पुलिस आरोपी के घर पहुंचती है और उसे गिरफ्तार कर थाने ले आती है। अब जैसे ही दूसरे दिन यह खबर छपती है तो पुलिस अपनी होती किरकिरी से बौखला जाती है और बसिया थाना के एक पुलिस पदाधिकारी अनाप शनाप बातें करने लगते हैं। वे कहते हैं कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी या पुलिस पदाधिकारी को तो इस मामले में निलंबित किया ही जा सकता है,लेकिन उसके साथ ही इस मामले को देख रही डॉक्टर और ग्राम सभा में शामिल जनप्रतिनिधि दोनों के ऊपर प्राथमिक की दर्ज की जाएगी। अब सवाल यह उठता है कि आखिर यह प्राथमिकी डॉक्टर और जनप्रतिनिधि के विरुद्ध क्यों की जाएगी? क्या डॉक्टर ने पुलिस को इस घटना की जानकारी नहीं दी थी? या उक्त जनप्रतिनिधि ने प्रेस के माध्यम से एसपी को मामले पर कार्रवाई करने की गुहार नहीं लगाई थी।

## पंचायत भवनों में संविधान दिवस मना

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सहित सभी पंचायत भवनों में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित वाटिका में स्थापित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर व भगवान विरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस दौरान बीडीओ रमेश कुमार यादव ने उपस्थित कर्मियों व ग्रामीणों को संविधान का शपथ दिलाया वहीं उन्होंने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवन व संविधान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रखंड प्रमुख मीना देवी, बीपीआरओ संतोष भगत,पंचायत सचिव संत साहु,मिखन टोप्पो, जनसेवक संतोष झा, एस आई भवेश कुमार, प्रखंड आंपरेटर पृथ्वीराज सिंह, सुमित कुमार, दानिश अंसारी,रोहित कुमार शर्मा,रणविजय सिंह,सरोज लता, प्रखंड व अंचल कर्मी वहीं पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में संबंधित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, जनसेवक,रोजगार सेवक, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## खीस्त राजा की भव्य शोभा यात्रा निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर का संत जॉन कैथोलिक चर्च रविवार को खीस्त राजा के जयकारे से गूंज उठा। मौका था प्रभु यीशु के आगमन पर्व के पहले पड़ने वाले खीरीस्त राजा के पर्व का। इस अवसर पर संत जॉन कैथोलिक चर्च से खीस्त राजा की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में ईसाई धर्म के पुरोहित, धर्म बहनें एवं अन्य लोग शामिल थे। खीरीस्त राजा पर्व पर फादर डीन जीब्रानीयुस किण्डो के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान किया गया । प्रभु की आराधना के बाद भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में ईसाई धर्मावलंबी शामिल हुए। शोभायात्रा संत जॉन पारिस से निकली गई जो पूरे नगर का भ्रमण के उपरांत वापस पारिस लौट गई वही जगह-जगह पर आकर्षक झांकी दिखाई जा रही थी जो आकर्षण का केंद्र रहा, वहीं पुरोहितगण रथ पर बैठे थे।

**ईसा मसीह स्वर्ग के भी राजा**

: खीस्त राजा पर्व मनाने के पीछे ईसाइयों का मानना है कि खीस्त केवल विश्व के ही नहीं बल्कि स्वर्ग के भी राजा हैं। मान्यता के अनुसार यह पर्व वर्ष के अंतिम पूजन रविवार को मनाया जाता है। ईसा मसीह ऐसे राजा हैं जिनका राज्य सर्वव्यापी है। इससे जुड़ी एक घटना यह है कि जब ईसा मसीह को क्रूस पर लटकाया गया था और वे भयंकर पीड़ा से जूझ रहे थे, तब राजपाल ने अपने अभियोग पत्र में यह लिख कर टांग दिया था कि ईसा यहूदियों के राजा हैं। बाद में राजपाल को ईसा मसीह की सच्चाई का पता चला। तब से ईसा मसीह को खीस्त राजाओं का राजा कहा जाने लगा। मौके पर फा. राजेन्द्र तिर्की, फा. रेमिस टोप्पो, जीप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, सुशील दीपक मिंज, रणधीर कुजूर, नवीन कुजूर, विनोद बरला, अरुण लकड़ा, जोसेफ सहित सैकड़ों की संख्या में खीस्त विश्वासी उपस्थित थे।

## वनों के संरक्षण का लिया गया संकल्प

### जैव विविधता परिषद के पंचायत स्तरीय कमिटियों का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** भरनो प्रखंड में जैव विविधता परिषद के पंचायत स्तरीय कमिटियों को प्रशिक्षण दिया गया। दुम्बो पंचायत सचिवालय एवं पंचायत सचिवालय दक्षिणी भरनो में संपन्न हुआ.। इस प्रशिक्षण में भरनो प्रखंड के सभी 12 पंचायतों के प्रतिनिधि भाग लिया। दुम्बो पंचायत सचिवालय मे प्रशिक्षण हुआ जिसमे दुम्बो पंचायत, करंज पंचायत,डुम्बो पंचायत , करौदाजोर पंचायत, डुड़िया पंचायत, आताखोर पंचायत के प्रतिनिधि शमिल हुए। वही दक्षिणी भरनो पंचायत सचिवालय प्रशिक्षण हुआ जिसमें दक्षिणी भरनो पंचायत, उत्तरी भरनो पंचायत, अमलिया पंचायत, मारासीली पंचायत, सुपा पंचायत, व तुरिअम्बा पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद थे।

झारखंड में वन संरक्षण, जंगली तथा पालतू जानवर व पेड़ पौधों सहित सूक्ष्म जंतु के जीवन की सुरक्षा तथा विकास के वास्ते योजना तैयार कर उसके क्रियान्वयन का अधिकार पंचायत स्तर पर बनी जैव विविधता समिति को हासिल है। इन समितियां के कार्य और उत्तरदायित्व तथा समुचित क्रियान्वयन को लेकर भरनो प्रखंड के सभी 12 पंचायत कमेटी सदस्यों का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण संपन्न हो गया। जीव जंतु पेड़ पौधों के संरक्षण के वास्ते मिले कानूनी अधिकार की बेहतर समझ तथा प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के वास्ते हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन रांची की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। झारखंड जैव विविधता परिषद के सहयोग से यह प्रशिक्षण संचालित किया गया। इन सभी पंचायत का प्रशिक्षण झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर शांति बड़ाईक एवं रणधीर के द्वारा दिया गया।

